विश्व में प्रसिद्ध हनुमान चालीसा... पृष्ठ 2
ईडी ने की दुर्ग क्षेत्र के बालोद... पृष्ठ 3


# नांदगांव टाइम्स






।। जय श्री जलाराम ।।

**श्री जलाराम प्रॉपर्टी डीलर**

उचित दर पर मकान, फ्लैट, डुप्लेक्स, दुकान, ऑफिस, गोदाम, जमीन, प्लाट की खरीदी-बिक्री हेतु संपर्क करें।

ऑफिस- बागड़ी ब्रदर्स के बाजू में, रामाधीन मार्ग, राजनांदगांव।

मो: 98274-61508, 83192-88559

नोट :- मकान, फ्लैट, दुकान, गोदाम किराये पर लेने एवं देने की विशेष व्यवस्था साथ ही जमीन प्लाट हेतु डायवर्सन के दस्तावेज व ऋण पुस्तिका बनवाने के कार्य की सुविधा।


मंगलवार, 15 अक्टूबर 2024, राजनांदगांव | आरएनआई 30910/76 | वर्ष 49, अंक 06, पृष्ठ 04, मूल्य 2 रुपए

## नवीन आंगनवाड़ीपुरखों के दिखाए राह का अनुसरण हमारी जिम्मेदारी : मुख्यमंत्री

**रायपुर।** मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय लैलूंगा में उरांव समाज द्वारा आयोजित करमा महोत्सव में कहा कि यह उत्सव ग्रामीण और वनांचल क्षेत्र में बड़े ही हर्ष और उल्लास के साथ मनाया जाता है। क्षेत्र में कई प्रकार के करमा का आयोजन होता है। हमें हमारे पुरखों द्वारा दिखाए गए राह पर चलना हमारी नैतिक जिम्मेदारी है। हमें अपनी संस्कृति को साथ लेकर चलना है, जिससे आने वाली पीढ़ी हमारे सांस्कृतिक मूल्यों से परिचित हो सके। करमा महोत्सव में स्वास्थ्य मंत्री श्री श्याम बिहारी जायसवाल विशेष रूप से मौजूद थे।

मुख्यमंत्री श्री साय ने इस मौके पर लैलूंगा में सामाजिक भवन के निर्माण के लिए 49 लाख रूपए, लैलूंगा में स्टेडियम जीर्णोद्धार के लिए 40 लाख रूपए, बास्केटबाल कोर्ट निर्माण के लिए 20 लाख रूपए की घोषणा की और खम्हार पाकुट बांध से लैलूंगा में जलापूर्ति प्रोजेक्ट के निर्माण काम को शुरू कराए जाने की बात कही। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने गहिरा गुरु की



जन्मस्थली और कर्मस्थली में उरांव समाज द्वारा करमा महोत्सव के आयोजन की बधाई देते हुए कहा कि उरांव समाज का गौरवशाली इतिहास रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी की गारंटी को तेजी से पूरा कर रही है। सरकार गठन के पश्चात 18 लाख पीएम आवास निर्माण को मंजूरी दी गई। केंद्र सरकार द्वारा प्रदेश में 8 लाख 46 हजार आवास निर्माण की स्वीकृति दी गई है। हितग्राहियों के मकान बनने शुरू हो गए हैं। किसानों से प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान की खरीदी गई है। 12 लाख से ज्यादा किसानों के 2 साल के बकाया बोनस जारी किया गया है। तेंदूपत्ता की कीमत 4 हजार से बढ़ा कर 5500 रूपए कर दिया गया है। महतारी वंदन योजना का लाभ 70 लाख से अधिक महिलाओं को मिल रहा है। पीएससी घोटाले की जांच सीबीआई कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के मंशा के अनुरूप हमारी सरकार जनजाति समाज के उत्थान के लिए कार्य कर रही है। पीएम जनमन योजना से विशेष पिछड़ी जनजाति की दूर दराज की बसाहटों तक सड़क, बिजली-पानी की पहुंच सुनिश्चित की जा रही है। उन्हें शासन की योजनाओं से जोड़ा जा रहा है।

बीते 02 अक्टूबर को प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान शुरू किया है। जिसमें 80 हजार करोड़ की राशि से देश के आदिवासी समुदाय के उत्थान का काम होगा। छत्तीसगढ़ के गांव भी इससे जुड़ेंगे। इस अवसर पर सांसद रायगढ़ श्री राधेश्याम राठिया, राज्यसभा सांसद श्री देवेन्द्र प्रताप सिंह, विधायक बैकुंठपुर श्री भैया लाल रजवाड़े, विधायक लैलूंगा श्रीमती विद्यावती सिदार, श्री प्रबल प्रताप सिंह जूदेव, उरांव समाज से श्री पनतराम भगत, श्री रवि भगत सहित बड़ी संख्या में उरांव समाज के प्रतिनिधि और बड़ी संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित थे।

## विमान में बम की अफवाह
## इसके तार सन सिटी NX राजनांदगांव से निकला



**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** कुछ दिनों पहले सोशल मीडिया में एक खबर तेजी से वायरल हुई थी, जिसमें किसी ने यू ट्यूट कर लिखा था, की इंडियन एयर लाइन की फ्लाइट को उड़ाया जाएगा, जिसके बाद उक्त फ्लाइट की दिल्ली में आपातकालीन लेंडिंग करवाई गई थी। सूत्रों की माने तो उसके तार राजनांदगांव सन सिटी NX से जुड़े हुए है, बताया जा रहा है, की शहर के ही एक सभ्रांत परिवार का नाबालिक युवक ने ही इस प्रकार के यू ट्यूट कर राष्ट्रीय स्तर पर खलबली मचा दी थी, आज सुबह से आईबी, और अन्य दूसरे राष्ट्रीय जांच दल की गिरफ्त में है, उक्त युवक। सूत्रों की माने तो कल सुबह तक सीबीआई की टीम राजनांदगांव पहुंच जाएगी।

## 16 अक्टूबर को होगी साय कैबिनेट की 15वीं बैठक

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में 16 अक्टूबर को राज्य कैबिनेट बैठक आयोजित की जाएगी। इस बैठक में कई महत्वपूर्ण एजेंडों और राज्य के विकास से जुड़े मुद्दों पर विचार-विमर्श किया जाएगा, इस दौरान आगामी राज्योत्सव और धान खरीदी की तैयारियों की समीक्षा भी किये जाने की संभावना है। बता दें कि प्रदेश की विष्णुदेव सरकार ने इस साल राज्य में 160 लाख टन धान खरीदी का लक्ष्य रखा गया है और 15 नवंबर से खरीदी शुरू करने का प्रस्ताव है। इन प्रस्तावों पर कैबिनेट की मुहर लगने की संभावना है। इसके साथ ही प्रदेश के सरकारी कर्मचारियों द्वारा 4त्न महंगाई भत्ता (डीए) बढ़ाने की मांग पर विचार और कुछ विभागों



में नए पदों की स्वीकृति के प्रस्ताव भी कैबिनेट के समक्ष रखे जा सकते हैं। कैबिनेट बैठक में विधायकों के यात्रा भत्ते में वृद्धि के प्रस्ताव को भी मंजूरी के लिए पेश किया ज सकता है।इसके अलावा, पंचायत और नगरीय निकाय चुनावों को एक साथ कराए जाने पर भी चर्चा हो सकती है। इस संदर्भ में गठित आईएएस ऋचा शर्मा की कमेटी ने अपनी रिपोर्ट सरकार को सौंप दी है, जिसमें दोनों चुनाव एक साथ कराने की अनुशंसा की गई है। गौरतलब है कि इससे पहले बीते 20 सितंबर को कैबिनेट की बैठक हुई थी, जिसके बाद मंत्रियों की व्यस्तता के कारण इस महीने की शुरुआत में प्रस्तावित बैठक स्थगित हो गई थी।

## गैंदाटोला में लोकेश्वरी सेन का जगराता आज

**राजनादगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** नवरात्रि के पावन पर्व में मां सरस्वती के विराजमान के अवसर पर जय मां सरस्वती उत्सव समिति भक्त चौक गैंदाटोला के द्वारा प्रति वर्ष के अनुसार इस वर्ष भी जय मां महामाया बालिका निर्मल जस परिवार आनद धाम सगनी (धमधा)लोकेश्वरी सेन का जस जगराता नाइट शो का कार्यक्रम दिनाक 15-10-2024 दिन मंगलवार को रात्रि 9 बजे से रखा गया है साथ ही इसी दिन समिति के सदस्यों के द्वारा विशाल भंडारा का भी आयोजन रखा गया आस पास के क्षेत्रवाशियो से गुजारिश है की समय को ध्यान में रखते हुए कार्यक्रम में पहुंच कर भंडारा का महाप्रसादी जरूर प्राप्त करे एवम जगराता का आंनद जरूर उठाए.इस कार्यक्रम की जानकारी भूपेन्द्र निर्मलकर के द्वारा दिया गया है।




## बिश्नोई समाज से माफी मांग लें', बीजेपी नेता ने दी सलमान खान को सलाह

**मुंबई।** एनसीपी नेता बाबा सिद्दीकी की हत्या के मामले में लॉरेंस बिश्नोई गैंग का नाम सामने आने के बाद मामला और गहराता जा रहा है। इसी बीच, भारतीय जनता पार्टी के नेता हरनाथ सिंह यादव ने बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान को बिश्नोई समाज से माफी मांगने की सलाह दी है। यादव ने अपने बयान में कहा कि सलमान खान द्वारा काले हिरण के शिकार के कारण बिश्नोई समाज की भावनाओं को ठेस पहुंची है।




# राष्ट्रीय सीनियर भारोत्तोलन स्पर्धा में राजनांदगांव के जगदीश विश्वकर्मा को मिला गोल्ड मेडल



**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** हिमाचलप्रदेश (नगरोटा बगवां कांगड़ा) खेलो इंडिया अकादमी नगरोटा बगवां में चल रही महिला पुरूष की राष्ट्रीय भारोत्तोलन (वेट लिफ्टिंग) चैम्पियनीप स्पर्धा सब जूनियर, जूनियर और सीनियर केटेगरी में छत्तीसगढ़ राजनांदगांव जिला जय भवानी व्यायाम शाला की वेट लिफ्टर आर्मी कैम्प पुणे में अभ्यासरत एस.एस.सी.बी. की टीम से जगदीश विश्वकर्मा प्रतिनिधित्व करते हुए 102 किग्रा. वर्ग समूह में सबको पीछे छोड़ स्वर्ण पदक पर अपना नाम किया। प्रतियोगिता के संबंध में जिला राजनांदगांव भारोत्तोलन संघ व जय भवानी व्यायाम शाला के अध्यक्ष अमीत आजमानी जी ने बताया कि जगदीश विश्वकर्मा 353 किग्रा. वजन उठाकर स्वर्ण पदक जीता। उन्होंने 157 किग्रा स्नैच और 196 किग्रा. क्लीन जर्क कुल वजन 353 किग्रा. भार उठाकर गोल्ड मेडल पर कब्जा किया। जगदीश विश्वकर्मा स्नैच का पुराना रिकार्ड 152 किग्रा. स्नैच को तोडक़र नया रिकार्ड 157 किग्रा. वजन उठाकर नया रिकार्ड बनाकर नया किर्तीमान बनाया। आजमानी जी ने बताया कि जगदीश विश्वकर्मा स्नैच में नया रिकार्ड बनाकर राजनांदगांव जिला व जय भवानी




व्यायाम शाला का मान बढ़ाया। जगदीश विश्वकर्मा राजनांदगांव की प्रथम अंतर्राष्ट्रीय वेट लिफ्टर खिलाड़ी है और प्रथम गोल्ड मेडल लाने वाला खिलाड़ी जगदीश विश्वकर्मा 2011 में कैप्टाउन(दक्षिण अफ्रीका) यूथ कॉमन वेल्थ गेम्स में राजनांदगांव के लिए पहला गोल्ड मेडल लाने वाला पहले खिलाड़ी हैं। जगदीश विश्वकर्मा खेल की शुरूआत जय भवानी व्यायाम शाला से किया। व्यायाम शाला के प्रशिक्षक अशोक श्रीवास के मार्गदर्शन में प्रशिक्षण प्राप्त कर आर्मी कैम्प व आर्मी टीम में शामिल हुआ। जगदीश विश्वकर्मा फिर मेडल की लाईन लगा रखा है। जगदीश विश्वकर्मा छत्तीसगढ़ शासन द्वारा खेल अलंकरण अवार्ड शहीद पंकज विक्रम, शहीद कौशल यादव, शहीद राजीव पाण्डेय जैसे अवार्ड से नवाजा जा चुका है। जगदीश विश्वकर्मा के इस सबसे बड़े उपलब्धि पर गौरवान्वित है और गर्व है। राजनांदगांव की शान जगदीश विश्वकर्मा की उपलब्धि नया रिकार्ड बनाकर गोल्ड मेडल लेने पर उसके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए जिला भारोत्तलन संघ के संरक्षक अजय श्रीवास्तव, डोमन महोबिया, नीलू शर्मा, जीतू मुदलियार, अध्यक्ष अमीत आजमानी, सचिव अशोक श्रीवास, जय भवानी व्यायाम शाला के सचिव शेख वसीम, सहसचिव नीरज शुक्ला, कोषाध्यक्ष विवेक रंजन सोनी, बसंत मैगी, उपाध्यक्ष दीपक ठाकुर, मनोज यादव, चोवाराम सोनकर, आकाश सोनी, सहसचिव नाहिद अख्तर, रितेश घरड़े, अभिषेक आजमानी, तामेश्वर बंजारे, प्रेम कापसे, जय पटेल, नारायण लोहार, संघ व व्यायाम शाला के वरिष्ठ पदाधिकारी सदस्य दाऊद खान, जग्गू ठाकुर, रामा यादव, अजय कुलदीप, नितीन शर्मा, भरत साहू, नोमेन्द्र यादव, मनीष तिवारी, दिनेश राजपूत, सुखराम मेश्राम, गोलू यादव, गौकरण सोनकर, श्रीमती





कोमल गुप्ता, श्रीमती सरला साहू, वैभव देवांगन, अरूण गुप्ता, रविन्द्र सुधाकर आदि सदस्यो नं बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित किये है। यह जानकारी जिला भारोत्तोलन संघ के सचिव अशोक श्रीवास ने दी।

## आज डॉ. रमन सिंह का जन्मदिन शहर में धूम-धाम से

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** छत्तीसगढ़ विधानसभा के अध्यक्ष व



स्थानीय विधायक डॉ. रमन सिंह का कल दिनांक 15 अक्टूबर को जन्मदिन है इसे लेकर शहर के नागरिकों, सामाजिक संस्थाओं व पार्टी कार्यकर्ताओं में बेहद उत्साह है, इस दिन को यादगार बनाने के लिए अनेक कार्यक्रम आयोजित किये गये है, जिसमें डॉ. रमन सिंह दोपहर से देर रात तक सक्रिय रहने वाले है। जिला भाजपा मीडिया सेल द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार डॉ. सिंह सुबह 11 बजे रायपुर से प्रस्थान कर दोपहर 12.20 बजे सीआरसी. सेंटर ठाकुरटोला पहुचेंगे जहां ट्राईसिकल के वितरण का कार्यक्रम है। इसके पश्चात् वे दोपहर 1 बजे निवास जी.ई.रोड आकर प्रधानमंत्री आवास व पोठ लईका हितग्राहियों से मुलाकात करेंगे फिर दोपहर 02 बजे कैलाश नगर स्थित पुखराज कांकरिया के निवास स्थान जायेंगे फिर उसके बाद शाम 06 बजे आजाद चौक में जन्मदिन के सार्वजनिक कार्यक्रम में भाग लेंगे फिर वे रात्रि 08.30 बजे म्यूनिस्पल स्कूल मैदान में आयोजित कवि सम्मेलन का लुत्फ उठायेंगे।




## मां पाताल भैरवी सिद्धपीठ में शरद पूर्णिमा पर 16 अक्टूबर को बांटी जाएगी जड़ी बुटीयुक्त खीर प्रसाद

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** मानव सेवा व जनकल्याण के लिए अंचल सहित देशभर में पहचान बना चुकी बर्फानी सेवाश्रम समिति द्वारा अपने आशीर्वादक राष्ट्रीय संत श्री श्री 1011 योगाधिराज ब्रम्हर्षि बर्फानी दादा जी के आशीर्वाद से संस्था द्वारा संचालित गर्भगृह में विराजमान मां पाताल भैरवी राज राजेश्वरी त्रिपुर सुंदरी दश महाविद्या द्वादश ज्योर्तिलिंग शिव शक्ति सिद्धपीठ बर्फानी आश्रम परिसर में शरद पूर्णिमा 16 अक्टूबर बुधवार की रात्रि में मनाई जाएगी। इस अवसर पर स्वांस, दमा व अस्थमा पीड़ितों को जड़ी बुटीयुक्त खीर प्रसाद का नि:शुल्क वितरण किया जाएगा। इसके अलावा छत्तीसगढ़ की प्रसिद्ध लोक कलामंच स्वरधारा की भी प्रस्तुति रात्रि में होगी। संस्था के सचिव गणेश प्रसाद शर्मा च्गन्नूज् ने बताया कि सारे देश में मनाए जाने वाले मां भगवती के साधना व भक्ति का महापर्व शारदीय क्वांर नवरात्रि पर्व बर्फानी आश्रम स्थित मां पाताल भैरवी राज राजेश्वरी त्रिपुर सुंदरी दश महाविद्या द्वादश ज्योर्तिलिंग शिव शक्ति सिद्धपीठ में संपन्न होने के बाद संस्था द्वारा मानव एवं जनकल्याण के तहत स्वांस, दमा व अस्थमा पीड़ितों को पिछले 27 वर्षों से दुर्लभ जड़ी बुटियां एकत्रित कर पौराणिक मान्यताओं अनुसार जड़ी बुटी युक्त खीर प्रसादी तैयार कर स्वांस, दमा व अस्थमा पीड़ितों को ब्रम्हमुहूर्त में वितरीत की जाती है। इस वर्ष भी संस्था द्वारा लगभग 30 हजार से भी अधिक पीड़ितों के लिए खीर प्रसाद तैयार करवाया जा रहा है। जिसे शरद पूर्णिमा की रात्रि चन्द्रकला से प्राप्त होने वाली अमृतरूपी



### लोक कलामंच स्वरधारा की होगी प्रस्तुति

प्रसाद तैयार कर श्रद्धालुओं को नि:शुल्क वितरीत किया जाएगा। इसके लिए संस्था ने व्यापक पैमाने पर तैयारी प्रारंभ कर दी है। वहीं पीड़ितों से पंजीयन कराने की अपेक्षा की है। पीड़ित प्रसाद ग्रहण करने से 6 घंटा पूर्व व पश्चात न सोये। संस्था द्वारा लोक कलाकारों को प्रोत्साहित करने की दृष्टिकोण से प्रतिवर्ष विलुप्त होती व मनोरंजन के भरपूर रहने वाली नाचा पद्धति के अलावा लोक कलामंच व लोक कलाकारों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से इस वर्ष भी संस्कारधानी के लोक कलाकार विष्णु कश्यप द्वारा संचालित छत्तीसगढ़ की प्रसिद्ध लोक कलामंच स्वरधारा के कलाकारों द्वारा कर्मा, ददरिया, सुवा, जस व पारंपरिक गीत व नृत्य के अलावा हास्य व्यंग्य प्रहसन प्रस्तुत किया जाएगा। संस्था ने आयोजन को लेकर जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन व नगर निगम से भी सहयोग मांगा है। संस्था के द्वारा श्रद्धालुओं से अपेक्षा की गई है कि वे अपना पंजीयन मां पाताल भैरवी सिद्धपीठ पहुंचकर अवश्य कराएं। इस आयोजन को लेकर संस्था के अध्यक्ष राजेश मारु, उपाध्यक्ष दीपक जोशी, सचिव गणेश प्रसाद शर्मा च्गन्नूज, कोषाध्यक्ष नीलम जैन, महंत गोविंद दास, श्रीगुरुचरण सिंह छाबड़ा, महेन्द्र लुनिया, दामोदर अग्रवाल, कमलेश सिमनकर, संतोष खंडेलवाल, सूरज जोशी, आलोक जोशी, लीलाधर सिंह, कुलबीर छाबड़ा, संजय खंडेलवाल, योगेन्द्र पांडे, मनीष परमार सहित अन्य सदस्यगण तैयारियों को अंतिम रूप देने में लगे हैं।

## प्रोफेसर डाक्टर चन्द्रकुमार जैन का निधन

### अंतिम संस्कार आज सरकंडा बिलासपुर में होगा

### अटल मंच, नांदगाँव टाइम्स ने दी श्रद्धांजलि

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** शहर के मूर्धन्य साहित्यकार, ओजस्वी वक्ता, शासकीय दिग्विजय कालेज में प्रोफेसर की सेवाएं देने वाले डाक्टर चंद्र कुमार जैन का आकस्मिक निधन बिलासपुर में हो गया है। वे विगत् कुछ माह से अपने पुत्र जो भारतीय रेल्वे में बडे अधिकारी है(हिमांशु जैन ङ्कक्रङ्गस्) के पास रह रहे थे। ऊनका अंतिम संस्कार आज 15अक्टूबर मँगलवार को बिलासपुर सरकंडा मुक्तिधाम में दिन में 11 बजे किया जाएगा। राष्ट्रीय तथा अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर,देश के अनेक स्थानों में तथा राष्ट्रपति के कार्यक्रम के मंच संचालन से लेकर





अनेक बडे बडे आयोजनों में मंच संचालन के माध्यम से पूरे देश में अपनी पहचान बनाने वाले चन्द्रकुमार जैन के निधन से राजनांदगांव के एक बहुत बडे वर्ग में शोक की लहर छा गई। छात्र नेता तथा अटल मंच के कार्यकारी अध्यक्ष आशीष शर्मा ने प्रोफेसर जैन के निधन पर गहन शोक व्यक्त करते हुए कहा कि प्रोफेसर जैन का निधन राजनांदगांव संस्कारधानी के लिए एक अपूरणीय क्षति है। उन्होने कहा कि राजनांदगांव शिक्षा जगत् स्तब्ध है। अटलमंच के संरक्षक तथा उनके सहपाठी रहे वरिष्ठ पत्रकार पुरुषोत्तम तिवारी ने कहा कि स्वर्गीय जैन ने अपने मंच संचालन की अद्भूत कला से राजनांदगांव का नाम देश भर में उंचा किया और संस्कारधानी का मान बढाया। चंद्रकुमार जैन अद्भूत कला के धनी तथा साहित्य के अनन्य पुजारी थे। श्री शर्मा तथा तिवारी ने श्री जैन को श्रद्धांजलि देते हुए दिवंगत् आत्मा को सद्गति प्रदान करने हेतु ईश्वर से प्रार्थना की। वरिष्ठ संपादक व नांदगांव टाइम्स के प्रबंध संपादक अशोक पांडे ने प्रोफेसर डा जैन के निधन पर दु:ख व्यक्त करते हुए कहा कि डा जैन साहित्यकार,लेखक व पत्रकार के साथ साथ एक बहुत ही अच्छे व राष्ट्रीयख्याति प्राप्त वक्ता थे। उनके निधन से राजनांदगांव ने एक बहुआयामी प्रतिभा के धनी को खोया है जिसकी कमी हमेशा हमें महशूस होगी।

## डीईओ सहित जिला व विकासखंड के अधिकारियों ने स्कूलों का किया निरीक्षण

**राजनांदगांव।** जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा जिलें के समस्त विद्यालयों



का एक साथ मॉनिटरिंग करने हेतु जिले के टीम एवं विकासखड स्तर पर समस्त जिला प्रशासकीय अमला को दिनांक 14.10.2024 को एक साथ सभी 149 संकुलों में निरीक्षण हेतु प्रार्थना स्थल पर निरीक्षण करने हेतु टीम भेजी गई, जिसमें कुल 110 स्कूलों का आकस्मिक निरीक्षण किया गया, जिसमें कुल 30 संकुलों का जिला स्तर से आकस्मिक निरीक्षण किया गया। स्थल निरीक्षण के दौरान तत्काल जियो टैग मैप माध्यम से व्हॉट्सएप्प पर उपलब्ध कराया गया। निरीक्षण स्थल पर ही गूगल शीट पर शिक्षकों की उपस्थिति एवं विद्यार्थियों की उपस्थिति दर्ज की गई। स्वयं जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा हाईस्कूल आलीवारा में श्रीमती मौसमी सांकरे की नियमित उपस्थिति संतोषप्रद नहीं पाई गई, जिसके कारण उन्हें कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया जा रहा है। जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला मुसरा के निरीक्षण के दौरान संजय ठाकरे, श्रीमती रोमा साहू, (व्यवसायिक पाठ्यक्रम) शिक्षक एवं श्रीमती सुचिता मिश्रा, व्याख्याता अनुपस्थित पाये गये। जिन्हें कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया जा रहा है। हाईस्कूल माड़ीतराई वि.ख. डोंगरगढ़ में श्रीमती टी. कलसी, व्याख्याता जीवविज्ञान ने कार्यभार ग्रहण किया।




## विकास के लिये सार्थक प्रयास किया - मधुसूदन यादव

**राजनांदगांव।** आयोजक मंडल छात्र युवा मंच राजनांदगांव द्वारा डॉ0 रमन सिंह जी अध्यक्ष छत्तीसगढ़ विधानसभा एवं विधायक राजनांदगॉव के जन्मदिन के उपलक्ष्य में स्थानीय




दिग्विजय महाविद्यालय के ऑडिटोरियम में 13 अक्टूबर को छात्रों के हितार्थ विविध कार्यक्रम आयोजित किये। इसमें मुख्य रूप से युवा प्रतिभा खोज परीक्षा का ऑनलाईन माध्यम से आयोजन, युवा सम्मान समारोह एवं पुरस्कार वितरण सह कैरियर मार्गदर्शन संबंधी प्रश्नमंच का आयोजन किया गया । उल्लेखनीय है कि छात्र युवा मंच द्वारा विगत 11 वर्षो से लगातार डॉ0 रमन सिंह के जन्मदिन के उपलक्ष्य में यह आयोजन युवाओं में जागृति लाने एवं उन्हें प्रोत्साहित करने के सद्उद्देश्य से आयोजित किया जाता रहा है। छात्र युवा मंच में इस आयोजन में 60 विभिन्न स्कूलों के 1690 बच्चों ने प्रतिभा खोज परीक्षा में हिस्सा लिया और अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व सांसद राजनांदगॉव एवं प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष मधुसूदन यादव उपस्थित रहे। अन्य गणमान्य अतिथि के रूप में प्राचार्य डॉ0 अंजना ठाकुर, कमला कॉलेज के गणित विभागाध्यक्ष प्राध्यापक ओंकार लाल श्रीवास्तव, समीर गजभिये संचालक तथागत ट्यूटोरियल्स, पार्षद शिव वर्मा, पूर्व पार्षद देवशरण सेन, भिलाई स्टील प्लांट के अधिकारी चैन दास जंघेल, समाजसेवीगण सर्वश्री संतोष खंडेलवाल, महेश खंडेलवाल, प्रियंक सोनी, नोमेश वर्मा मुख्य रूप से उपस्थित रहे। आयोजन समिति छात्र युवा मंच की ओर से प्रदेश संयोजक रक्तवीर नागेश यदु, प्रदेश संगठक लिकेश्वर सिन्हा, प्रदेश प्रमुख चंद्रभान जंघेल, प्रदेश सह संगठक दीपक देवांगन, प्रदेश अध्यक्ष माधव साहू, प्रदेश सह प्रमुख लोकेश बारापात्रे, प्रदेश उपाध्याक्ष सुरेश साहू, महामंत्री राजू साहू,प्रदेश सह प्रमुख अगेश्वर वर्मा, कृष्णकांत साहू, भागवत वर्मा, उकेश साहू, दिग्विजय कॉलेज अध्यक्ष साहिल वर्मा, जिलाध्यक्ष खेमचंद साहू, ढालेश्वरी साहू, कुलेश्वरी साहू, कुसुम साहू, पायल साहू उपस्थित रहे। पूर्व सांसद मधुसूदन ने परीक्षा के विजेता प्रतिभागियो को अपने हाथों से नगद पुरस्कार एवं स्मृति चिन्ह भेंट किया।

## विधुत आपूर्ति नियमित होने से उपभोक्ताओ में खुशी

**राजनांदगांव।** नगर निगम, अस्पताल, विधुत विभाग, राजस्व , पुलिस विभाग से आम जनता का अकसर सीधा वास्ता पडता है पर विभाग प्रमुखो की आम जनता से दूरी अथवा संवादहीनता ही समस्याओ व आक्रोश को जन्म देती है। इन



विभागो मे अगर कोई अधिकारी आम जनता के बीच अफसरवाला रोल छोडकर समस्या को जानकर उसके लिये पहल करता है तो जनता उसे पदस्थापना के दौरान उसकी सराहना करते हुए सिर आंखो पर बैठाती है। वही रवानगी अथवा सेवानिवृत्त के बाद भी उसे चौक चौराहो मे चर्चा के दौरान गाहे बगाहे याद करती है। राजनांदगांव शहर में नियमित विधुत आपूर्ति होने से अब शहर की जनता को राहत मिल रही है ।शहर मे तीन पावर टान्सफार्मर फेल होने से आम जनता को अघोषित विद्युत व्यवधान का सामना करना पड़ रहा था। जिसके चलते लोगों मे यह शिकायत आम हो चली थी कि उनकी समस्या की सुनवाई नही हो रही है। पर्याप्त विधुत आपूर्ति न होने से पूर्व के अधिकारी की लापरवाही की चर्चा चौक चौराहो पर होती रही और अखबारो की सुरखियां भी बनी ।जिसके चलते राजनीतिक और प्रशासनिक स्तर पर नाराजगी के चलते उनका अन्तत:स्थानांतरण किया गया। नए अधिकारी आर के गोस्वामी की मिलनसारिता व जनता के प्रति जवाबदेही को देखकर उन्हे राजनांदगांव संभाग का कार्यपालन अभियंता पुन:पदस्थ किया गया है। नए अधिकारी कार्यपालन अभियंता आरके गोस्वामी ने पदभार ग्रहण करते ही आम जनता से बातचीत कर अव्यवस्था को जानकर उच्चाधिकारियो से बात कर योजनाबद्ध तरीके से अपनी स्थापना के 15 दिन में ही नया पावर ट्रांसफार्मर लगाकर सुचारू रूप से मेंटेनेंस कर विद्युत व्यवस्था की सप्लाई की पहल की है। राजनांदगांव नगरनिगम क्षेत्र के बजरंगपुर नवागांव सब स्टेशन, कंचन बॉग सब स्टेशन ,आरके नगर सब स्टेशन में नये पावर ट्रांसफार्मर लगाए गए हैं। जिससे इस सबस्टेशन के अन्तर्गत बिजली सप्लाई नियमित हो रही है और बार बार इन क्षेत्र में विद्युत अव्यवस्था का सामना उपभोक्ताओ को नहीं करना पड़ रहा है। इससे आम जनता के बीच बेहतर सन्देश गया है। राजनांदगांव संभाग के कार्यपालन अभियंता आरके गोस्वामी ने कहा कि विद्युत विभाग जनता के बीच का अपना विभाग है और वह हमेशा यह मानते है कि जनता जब समय पर अपना कर पटाती है तो हमारी भी उसे बेहतर विधुत सेवा देने की पहल करनी चाहिये।

# नगर पालिका प्लेसमेंट कर्मचारियों द्वारा दुकान आवंटन को लेकर की गई अनियमितता के चलते की गई जांच

**डोंगरगढ (नांदगांव टाइम्स)।** नवरात्र के दौरान मेला ग्राउंड में लगने वाली दुकानो के आवंटन में अनियमितताओं को लेकर धर्मनगरी के पत्रकारों के द्वारा मेला ग्राउंड में लगने वाली दुकानों पर जाकर दुकान आवंटन और विद्युत कनेक्शन को लेकर पूछताछ की गई तो मामला राजस्व चोरी और विद्युत विभाग को चूना लगाने का सामने आया जिस पर पत्रकारों द्वारा जिला कलेक्टर संजय अग्रवाल को मेला ग्राउंड में लगने वाली दुकानो में बंदरबांट व विद्युत कनेक्शन में किए गए गोलमाल की सूचना दी साथी डोंगरगढ़ उपखंड अधिकारी (एसडीएम) मनोज मरकाम को भी इन सभी मामलों से अवगत कराया गया जिस पर एसडीएम मनोज मरकाम के द्वारा अपने उच्च अधिकारी के आदेश का पालन करते हुए तहसीलदार और नायब तहसीलदार द्वारा एक टीम गठित कर मेला ग्राउंड में लगने वाली दुकानों की संपूर्ण जानकारी सहित जांच कराई गई है। यह



जांच नवरात्र मेले के दौरान की गई इस जांच में दुकान आवंटन में हुई अनियमितताओं की जांच में दुकान संचालकों का बयान भी लिया गया जिसमें दुकान किसी और के नाम से है और उसका संचालन कोई और कर रहा है कुछ दुकान तो ऐसी है जिनका सप्तमी तक किराए की रसीद भी नहीं काटी गई है पूछताछ करने पर पता चला की उनके द्वारा दुकान निर्धारित रेट से अधिक कीमत में ली गई है जिस कारण उनके पास रसीद मौजूद नहीं है जब दुकान संचालकों से दुकान में उपयोग हो रही बिजली के लिए मीटर लिए जाने की बात की गई तो उन्होंने एसडीएम द्वारा बनाई गई टीम के समक्ष गोल-मोल जवाब दिया दुकान संचालकों के गोल मोल जवाब के चलते बिजली चोरी का मामला भी सामने आया है इसके लिए जिम्मेदार अधिकारी वह दुकान आवंटन करने वाले कर्मचारी के खिलाफ सख्त से सख्त कार्यवाही करने का आदेश दिया जाना चाहिए ।। मेरे पास इस जांच से संबंधित विस्तृत जानकारी नहीं है, लेकिन यह जांच दुकान आवंटन में पारदर्शिता और निष्पक्षता सुनिश्चित करने के लिए कलेक्टर के आदेश अनुसार एसडीएम के दिशा निर्देश पर की गई है ।

## छत्तीसगढ़ प्रदेश शिक्षक संघ के रामनारायण बघेल बने कार्यकारी प्रांताध्यक्ष

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** शिक्षकों का सबसे पुराना व विशाल संगठन छत्तीसगढ़ प्रदेश शिक्षक संघ के राजनांदगांव जिले के अध्यक्ष श्री रामनारायण सिंह बघेल को प्रदेश संगठन का कार्यकारी प्रांताध्यक्ष भी बनाया गया है। विगत दिनों न्यायाधानी बिलासपुर में संपन्न प्रदेश स्तरीय छत्तीसगढ़ प्रदेश शिक्षक संघ की बैठक आहूत कर निर्वाचन प्रक्रिया भी संपन्न हुई। जिसमें संघ का



प्रांताध्यक्ष श्री सुनील कौशिक बिलासपुर, महामंत्री श्री काशीराम रजक मल्हार, कोषायक्ष श्री जितेन्द्र कन्नौजे रायपुर के अलावा श्री रामनारायण सिंह बघेल को सर्व सम्मति से प्रदेश का कार्यकारी प्रांताध्यक्ष चुना गया। अन्य पदाधिकारी उप प्रांताध्यक्ष सत्यदेव वर्मा, श्रीमती आशा लता चौहान एवं प्रांतीय मंत्री अजय श्रीवास्तव चौकी, दीपक सिंह ठाकुर धमतरी, अजय श्रीवास्तव छुईखदान, श्रीमती चंद्रकला शर्मा बिलासपुर, कार्यालय मंत्री डॉ. भूपेन्द्र धर दीवान बिलासपुर, प्रवक्ता बलराम पाण्डे रतनपुर, प्रमुख संगठन मंत्री विश्राम निर्मलकर, संगठन मंत्री कामेश्वर वैष्णव आदि। बैठक में समस्त निर्वाचित पदाधिकारी के पदोन्नति क्रमोन्नति, समयमान, वेतनमान, डी.ए. व अन्य समस्याओं को प्रमुखता से शासन के समक्ष रखने का निर्णय लिया।

# भाजपा का सदस्यता अभियान एक पखवाड़े और बढ़ा

## सदस्यता व सक्रिय सदस्यता अभियान एक साथ चलेगा: संजय श्रीवास्तव

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** जिला भारतीय जनता पार्टी की सक्रिय सदस्यता अभियान को लेकर प्रमुख नेताओं की एक बैठक आज दिनांक 14 अक्टूबर को पार्टी कार्यालय में संपन्न हुई, जिसमें प्रदेश भाजपा के महामंत्री संजय श्रीवास्तव ने सदस्यता अभियान एक पखवाड़े तक और बढ़ाने की घोषणा करते हुये कहा कि पार्टी द्वारा दिये गये लक्ष्य में कुछ कमी रह गई है जिसे पूरा करने के लिये कार्यकर्ताओं को 31 अक्टूबर तक का समय और दिया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि पार्टी का सदस्यता अभियान 15 अक्टूबर तक निर्धारित था, जिसे अब बढ़ा दिया है। भाजपा मीडिया सेल द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार संजय श्रीवास्तव ने आगे कहा कि पार्टी कार्यकर्ता अब कमजोर बूथ व कमजोर शक्ति केन्द्रों पर दृष्टि जमाये ऐसे बूथों व शक्ति केन्द्रों का चयन करे और बढ़े हुये समय का लाभ उठाते हुये ऐसे केन्द्रों में




जमीनी मेहनत कर उन्हे सशक्त बनायें। उन्होंने मंडल स्तर पर सदस्यता अभियान के प्रगति की समीक्षा की तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दियें। बैठक के प्रारंभ में जिला भाजपा अध्यक्ष रमेश पटेल ने स्वागत भाषण दिया व सदस्यता अभियान व सक्रिय सदस्यता के लिये कार्यकर्ताओं को जूट जाने का आह्वान किया। बैठक का संचालन जिला भाजपा महामंत्री राजेन्द्र गोलछा व आभार प्रदर्शन दिनेश गांधी ने किया। इस दौरान प्रमुख रूप से वरिष्ठ भाजपा नेता खूबचंद पारख, मधुसूदन यादव, संतोष अग्रवाल, गीता घासी साहू, सचिन सिंह बघेल, एम.डी.ठाकुर, प्रदीप गाँधी, दिनेश गाँधी, चन्द्रिका डड़सेना, राजेश श्यामकर, आलोक बिंदल, रवि सिन्हा, आभा तिवारी, विनोद खाण्डेकर, सावन वर्मा, आलोक श्रोती, रविन्द्र वैष्णव, कोमल सिंह राजपूत, लीलाधर साहू, कैलाश शर्मा, किशुन यदु, गिन्नी चावला, रघुवीर वाधवा, अतुल रायजादा, शिव वर्मा, किरण साहू, रोहित चन्द्राकर, जागेश्वर साहू, अमित जैन, रामकुमार गुप्ता, बोधीराम साहू, बोधन साहू, मोनू बहादुर सिंह, जैनकुमार मेश्राम, बलवंत साहू, रविन्द्र रामटेके, जयंत मेश्राम, हकीम खान, राजेश अग्रवाल, हर्ष रामटेके, गोलु गुप्ता, दादू सोनकर, संतोष गुप्ता, महेन्द्र पटेल, अशोकादित्य श्रीवास्तव, मनोज साहू, कृष्णा तिवारी, इरफान शेख, गुलाब वर्मा, राकेश ठाकुर, मनोज सिन्हा सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता व नेता उपस्थित थे।

# डॉ. रमन सिंह के जन्मदिन पर कवि सम्मेलन आज

## युवा वेलफेयर फाउण्डेशन के अध्यक्ष भावेश बैद ने दी जन्मदिन की बधाई

**राजनंदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री, वर्तमान छत्तीसगढ़ विधानसभा के अध्यक्ष व राजनंदगांव के लाडले विधायक विकास पुरूष डॉ. रमन सिंह का जन्मदिन 15 अक्टूबर दिन मंगलवार को शहर में धूमधाम से मनाया जाएगा। इस मौके पर युवा वेलफेयर फाउंडेशन के अध्यक्ष भावेश बैद ने श्री सिंह को जन्मदिन की बधाई देने के साथ म्युनिसिपल स्कूल ग्राउंड में कवि सम्मेलन का कार्यक्रम आयोजित कर रहे हैं। युवा वेलफेयर फाउंडेशन के अध्यक्ष भावेश बैद ने बताया कि



संस्कारधानी राजनांदगांव के लाडले विधायक डॉ. रमन सिंह जी (अध्यक्ष छ.ग. विधानसभा) के जन्मदिवस के अवसर पर आयोजित विराट कवि सम्मलेन 15 अक्टूबर 2024 दिन मंगलवार समय रात्रि 8:00 बजे कार्यक्रम स्थान म्युनिसिपल स्कूल ग्राउंड में आयोजित की जाएगी। कवि सम्मेलन में कविगण में डॉ. कुमार विश्वास, सुरेन्द्र दुबे जी, डॉ. सुमन दुबे जी, कविता तिवारी जी व दिवेश बादरा जी शिरकत करेंगे । श्री बैद ने कवि सम्मेलन कार्यक्रम में लोगों को बड़ी संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।

## लोगो में जागरूकता लाने के उद्देश्य से सड़को स्वच्छता कार्यक्रम किया गया

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** स्वैच्छिक समाजसेवी संस्था रीड युथ फाउंडेशन द्वारा स्वच्छ्ता ही सेवा कार्यक्रम के तहत लोगो में



जागरूकता लेन के उद्देश्य से ग्राम उपरवाह में सड़को स्वच्छ्ता कार्यक्रम किया गया। संस्था के युवा सदस्यों द्वारा विभिन्न नारो से ग्राम वासियों को जागरूक करने का प्रयास किय गया। प्लास्टिक सुखा कचरा गीला कचरा को अलग अलग संग्रहण करने को जागरूक किया गया। उक्त कार्यक्रम में रीड युथ फाउंडेशन के तकनिकी प्रभारी चंद्रप्रकाश साहू, सहयोगी सदस्य हेमन्त, हेमलाल, प्रकाशमणि,सत्यम, वैभव, देवेन्द्र,खिलेंद्र, नूतन एवं अन्य सभी सभी सदस्य शामिल रहे।

# नगर में हर्षोल्लास से मना दशहरा निकाली गई भगवान राम की सवारी

## राजबाड़ा से शोभायात्रा निकलकर खेल मैदान मे रामलीला का मंचन





**अम्बागढ़ चौकी (नांदगांव टाइम्स)।** अम्बागढ़ चौकी में रितेश दशहरा उत्सव में भव्य आतिशबाजी के साथ 31 फिट रावण के पुतले का दहन एवं प्रभु श्री राम के शोभा यात्रा में माननीय लोकप्रिय विधायक श्री भोलाराम साहू जी हुए शामिल।रितेश दशहरा उत्सव समिति के अध्यक्ष रितेश मेश्राम जी ने बतया आयोजन का 22 वा वर्ष था, परंपरा अनुसार शाम 6 बजे से नगर भ्रमण हेतु श्री राम जी कि भव्य शोभा यात्रा निकाली गयी ,जिसमे मुख्य अतिथि खुज्जी विधायक भोलाराम साहू जी सम्मिलित हुए एवं श्री साहू जी ने अपने उद्बोधन में नगरवासियों को असत्य पर सत्य और बुराई पर अच्छाई की विजय का प्रतीक विजयदशमी की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनायें दिए। विधायक श्री साहू ने कहा कि विजयादशमी का यह पर्व असत्य पर सत्य की, अधर्म पर धर्म की,बुराई पर अच्छाई की और अहंकार पर विनम्रता की विजय का प्रतीक है। यह पर्व हमें अहंकार अभिमान से दूर रहने की सीख देता है, चाहे इंसान कितना भी शक्तिशाली और बुद्धिमान ही क्यों ना हो हमें कभी भी अहंकार नहीं करना चाहिए। शोभा यात्रा में रथ, बग्गी,मांदरी ,राऊत नाच ,पंथी नित्य , ,बैंड बाजे ,राम लीला व भजन टोलिया,अखाड़ा पार्टी नगर के मुख्य मार्ग ,बस स्टैण्ड राजबाड़ा से नगर भ्रमण करते हुए कार्यक्रम स्थल पिछले ग्राउंड वार्ड क्रमांक 04 क्रिकेट मैदान पहुंच कर राम लीला वाले कलाकारों के द्वारा रावण दहन कार्यक्रम रात्रि 10 बजे सम्पन हुआ।आयोजन समिति के सदस्यों नगर पंचयात उपाध्यक्ष रितेश मेश्राम ,रितेश दशहरा उत्सव समिति के अध्यक्ष, नगर पंचयात अध्यक्ष विद्या ताम्रकार , साधना सिंह सभापति, रफीक खान एन एस यु आई जिला अध्यक्ष मनीष साहू ,जयंत नेताम ,वैभव रंगारे ,विजय यादव ,चेतन साहू ,महेंद्र कुम्भकार ,सुदेश देशमुख ,विपिन दामले, नीतेश मेश्राम ,अम्बागढ़ चौकी सहित क्षेत्र के जनमानस बड़ी संख्या मे उपस्थित थे।

# संस्कारधानी के नायक दिव्यांग दिनेश टांडेकर आत्मनिर्भरता और आत्मविश्वास की मिसाल है

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** हमारा आत्मविश्वास कुछ हद तक बाहरी कारकों पर भी निर्भर करता है। नए कपड़े और जूते पहनने के बाद एक अलग तरह का उत्साह पैदा होता है। आज हम दिव्यांग दिनेश टांडेकर की बात कर रहे हैं जिनका जीवन साहस और संघर्ष का प्रतीक है। ट्रेन दुर्घटना में अपने दोनों पैर खोने के बाद उन्होंने प्रण लिया कि वे खुद तो कभी जूते नहीं पहन पाएंगे लेकिन दूसरों के पैरों में जूते पहनाकर उनकी सेवा जरूर करेंगे। आज उनकी जूतों की दुकान मुस्कान शु सेंटर उनकी सफलता का प्रतीक और समाज के लिए प्रेरणा बन गई है। दिनेश की जिंदगी में अचानक तब बड़ा बदलाव आया जब वे एक ट्रेन हादसे का शिकार हो गए और इस दुर्घटना में उन्होंने अपना पैर खो दिया। यह उनके और उनके परिवार के लिए एक अत्यंत कठिन समय था। आर्थिक स्थिति पहले से ही कमजोर थी, और दिव्यांगता ने और भी चुनौतियां खड़ी कर दीं। लेकिन दिनेश ने इन मुश्किलों को अपनी प्रेरणा बना लिया। उन्होंने ठान लिया कि वे अपने पैरों पर खड़े होंगे, चाहे परिस्थिति कितनी भी कठिन क्यों न हो। दिनेश ने अपने आत्मविश्वास और दृढ़ निश्चय से अपने लिए एक रास्ता बनाया।



उन्होंने जूतों की दुकान शुरू की , जिसके ज़रिए वे न सिर्फ़ अपनी आजीविका कमा रहे हैं, बल्कि दूसरों को भी प्रेरित कर रहे हैं। उनकी दुकान पर हर तरह के जूते मिलते हैं, जैसे कि फैशनेबल शूज़ , स्पोर्ट्स शूज़, और आरामदायक चप्पल। उनकी मेहनत और लगन ने उन्हें ग्राहकों के बीच लोकप्रिय बना दिया है। दिनेश टांडेकर की कहानी उन सभी लोगों के लिए प्रेरणा है जो जीवन में कठिनाइयों का सामना कर रहे हैं। उन्होंने साबित कर दिया कि दिव्यांगता किसी को जीवन में सपने और लक्ष्य हासिल करने से नहीं रोक सकती। आज अपनी सफलता के ज़रिए वे समाज को यह संदेश दे रहे हैं कि आत्मविश्वास और दृढ़ संकल्प के साथ किसी भी कठिनाई का सामना किया जा सकता है। दिनेश की जूते की दुकान पर गुणवत्ता और विविधता का खास ध्यान रखा जाता है। यहां हर आयु वर्ग के लिए जूते उपलब्ध हैं, और सभी उत्पाद किफायती दामों पर बेचे जाते हैं।उनका दुकान डोंगरगांव रोड रिद्धि सिद्धि कालोनी के पास स्थित है।

## रोजगार कार्यालय में प्लेसमेंट कैम्प 16 को

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र राजनांदगांव में 16 अक्टूबर 2024 को सुबह 10.30 से दोपहर 3 बजे तक प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया जाएगा। प्लेसमेंट कैम्प में आदित्य बिरला सन लाईफइंश्यूरेंस कंपनी राजनांदगांव द्वारा फाईनेंनशियल एडवाईजर के 25 पद, श्री राम लाईफ इंश्यूरेंस सुंदर नगर चौक रायपुर द्वारा सेल्स मैनेजर के 5 पद एवं सेफ इंटेलीजेंस सिक्युरिटी कोहका भिलाई जिला दुर्ग द्वारा सिक्युरिटी गार्ड के 200 पद व सिक्युरिटी सुपरवाईजर के 50 पद पर भर्ती की जाएगी।

प्लेसमेंट कैम्प में शामिल होने के इच्छुक आवेदक अपने शैक्षणिक योग्यता के सम्पूर्ण प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, 2 पासपोर्ट साईज फोटो, रोजगार पंजीयन कार्ड के साथ प्लेसमेंट कैम्प में शामिल हो सकते है। आवेदकों को सभी आवश्यक मूल प्रमाण पत्र के साथ निर्धारित तिथि, समय एवं स्थान में उपस्थित होने कहा गया है।

**न्यायालय तहसीलदार छुरिया**
**मामले की श्रेणी: राजस्व**

**संदर्भ :-** जिला- राजनांदगांव तहसील- छुरिया प.ह.न.-00020 छुरियाकला ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक-. छ्त्र-2024-25-128-1-755

**ईश्तहार**

तहसील छुरिया के प.ह.न. 00020 के अंतर्गत ग्राम छुरियाकला के वर्तमान भूमिस्वामी माणिक पिता/पति- केशोराम साहू पता-ग्राम छुरिया तह.छुरिया के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 505/19 (0.0101) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता कैलाश गुप्ता पिता/पति-प्रकाश गुप्ता पता-ग्राम छुरिया के नाम पर पंजीयन/फ़ौती होने के उपरांत नामांतरण / अभिलेख दुरुस्ती / खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 28/10/2024 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय न्यायालय तहसीलदार छुरिया पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो इश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं / अधिवक्ता / आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 03/10/2024 को जारी किया जाता है।

सील
तहसीलदारः VIJAY KOTHARI
तहसील-छुरिया

# एनपीपीएस.बल्देवबाग के छात्रों ने रतन टाटा एवं डॉ. हेमलता मोहबे को दी भावभिनी श्रद्धांजलि

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** नीरज पैरेंट्स प्राईड स्कूल.बल्देवबाग के विद्यार्थियों ने दिवंगत रतन टाटा एवं डॉण् हेमलता मोहबे को सामुहिकरूप से श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर स्कूल शिक्षक एवं शिक्षिकाओं द्वारा कारोबारी रतन टाटा द्वारा समाजसेवा एवं देशभक्ति की जिवंत मिशाल पर प्रकाश डालते हुए उनके जीवनी को व्यक्त किया। साथ ही साथ दिवंगत शिक्षाविद् डॉण् हेमलता मोहबे जी के जीवनी पर भी प्रकाश डालते हुए शिक्षा के क्षेत्र में दिए गए उनके योगदान को याद किया गया। इस श्रद्धांजलि कार्यक्रम एनबी.ग्रुप ऑफ स्कूल के संचालक नीरज बाजपेयी ने रतन टाटा एवं डॉण् हेमलता मोहबे जी तैल्य चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर दोनों महानुभावों को श्रद्धांजलि अर्पित की। तत्पश्चात् श्री बाजपेयी ने टाटा जी के जीवन



पर प्रकाश डालते हुए हुए उनके संघर्षो को बताया कि समाजहित एवं देशहित हेतु अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन कैसे किया जाता हैए टाटा जी अपनी कुल लाभांश संपत्ति का कई गुणा हिस्सा लोगों की भलाई एवं देशहित में लगाकर देश एवं समाज दोनों को ही लाभांवित एवं गौरवांवित किया। इसी कड़ी मे श्री वाजपेयी ने शिक्षाविद् डॉण् हेमलता मोहबे के निधन को शिक्षा जगत में अपूर्णिय क्षति बतायाए और कहा कि ऐसे महान आत्माएं अपने कर्मों से हमारे जीवन को चरितार्थ करने के साथ ही साथ आत्मविश्वास से भरकर लोगों की भलाई हेतु उन्हें शिक्षित बनाकर देश एवं अपनी कर्मभूमि को महान बनाने में बड़ी भूमिका निभाने में सहायक होती है। आगे बाजपेयी जी ने याद दिलाया कि एनपीपीएस.बल्देवबाग का उद्घाटन डॉण् हेमलता मोहबे जी के द्वारा ही किया गया था। अपने इन अंतिम पंक्तियों में बाजपेयी जी ने पुन: इन महान आत्माओं को प्रणाम कर अपनी वाणी को विराम दिया। इस अवसर पर स्कूल प्राचार्या श्रीमती इला राठौरए उपप्राचार्या श्रीमती आरती पिल्लईए हेड मिस्ट्रेस श्रीमती वैशाली सिंग सहित शिक्षक.शिक्षिकाएं एवं समस्त स्कूल स्टाफ उपस्थित रहे। उक्त जानकारी शाला प्रशासक ने दी।

## ज्ञान मंथन

*1) वर्ष 1931 में स्त्री सेवादल की स्थापना मध्यप्रदेश के किस नगर में हुई थी?*

*2) राजस्थान का प्रथम पूर्ण साक्षर गांव कौन सा है?*

*3) बंगाल में मुस्लिम पुनर्जागरण के जनक के नाम से कौन जाने जाते हैं?*

*4) संगम काल में संगग शब्द किससे संबंधित है?*

*5) हाल ही में खबरों में नजर आई मनिका बत्रा किस खेल से जुड़ी हैं?*

RamaQuiz (Pappu Ganesh )



## उत्तर माला

(1) रतलाम (2) मसूदा (3) अब्दुल लतीफखान (4) सभा (5) टेबल टेनिस01

# सोमनी के दशहरा उत्सव में शामिल हुए नीरज कन्नौजे

**समारोह में कई वीआईपी हुए शामिल**

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** बुराई पर अच्छाई की जीत के प्रतीक विजयादशमी पर्व पर सोमनी में विशाल रावण का रावण का वध



किया गया। समारोह में आयोजित रावण वध कार्यक्रम में शहर कांग्रेस दक्षिण ब्लॉक के महामंत्री नीरज कन्नौजे खासतौर से शामिल हुए। इस अवसर पर श्री कन्नौजे ने जय श्री राम का उद्घोष करते हुए कहा कि मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम हम सबके आदर्श हैं। उन्होंने अहंकारी और अधर्मी रावण का वध करके मानव समाज को यह संदेश दिया कि कितना भी बड़ा विद्वान हो कितना भी बड़ा राजनीतिज्ञ हो यदि वह अधर्म के रास्ते पर चलता है और उस पर अहंकार करता है। तो उसका पतन निश्चित है।

श्री कन्नौजे ने क्षेत्रवासियों को दशहरा की शुभकामनाएं देते हुए आगे कहा कि हम सबको न सिर्फ इस परंपरा को निभाते रहनी हैं। अपितु भगवान श्री राम के आदर्श को आत्मसात करते हुए जीवन जीना है। थोड़ा गंभीर होते हुए श्री कन्नौजे ने यह भी कहा कि जिस तरह से राक्षस राज रावण ने दोहरा चरित्र निभाते हुए साधु का वेश धारण कर जगत जननी सीता माता का अपहरण किया यह घोर अधर्म था। आज कलयुग में भी ऐसे रावण की कमी नहीं है। जो दोहरा चरित्र निभाते हुए स्वयं तो पतन की गर्त में जा रहे हैं और दूसरों के लिए भी परेशानियां खड़ी कर रहा है। आज सबसे ज्यादा जरूरी हमें अपने अंदर की रावण को मारने की जरूरत है। जो अहंकार काम क्रोध लोभ मोह माया छल कपट ईर्ष्या द्वेष आदि के रूप में हमारे अंदर विद्यमान है। जो हमारी बुद्धि रूपी सीता का हरण कर रहे है।

**नीरज कन्नौजे ने दीपक बैज का किया स्वागत**

गत दिवस कमला कॉलेज में विजयदशमी दशहरा उत्सव कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ के कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज शामिल हुए। उस दौरान शहर कांग्रेस दक्षिण ब्लॉक के महामंत्री नीरज कन्नौज ने पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया। आगामी नगरीय निकाय चुनाव को लेकर दोनों के बीच विशेष चर्चा भी हुई। इस अवसर पर दशहरा उत्सव समिति व समस्त ग्रामवासी सोमनी के कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व सांसद मधुसूदन यादव, जिला भाजपा अध्यक्ष रमेश पटेल, जिला पंचायत सदस्य राजेश श्यामकर, कांग्रेस नेता अंगेश्वर देशमुख, प्रवक्ता अभिमन्यु मिश्र, दीपांकर दुबे, सोनू मिश्रा, जितेंद्र पांडे सहित समस्त ग्रामवासी उपस्थित थे।

# अमोरा में बड़े धूमधाम से मनाया गया गौरी रानी महापर्व

**अरविन्द तिवारी**

**जांजगीर चाम्पा ( नांदगांव टाइम्स )** । जाज्वल्य नगरी जिला मुख्यालय के नवागढ़ विकासखंड अंतर्गत आने वाले माँ शँवरीन दाई की पावन धरा ग्राम अमोरा (महंत) में आज गौरी रानी का महापर्व बड़े हर्षोल्लास एवं धूमधाम के साथ मनाया गया। भक्तों द्वारा मांदर की थापों के बीच कई तरह के बाजे गाजे के साथ झांकियाँ निकालकर गाँव के सागर तालाब में विसर्जन किया गया। गौरतलब है कि अनादि काल से अमोरा गाँव में नवरात्रि के प्रथम दिन से ही गौरी रानी स्थापित करने की परंपरा चली आ रही है , जहां प्रतिवर्ष बड़े हर्षोल्लास एवं धूमधाम के साथ मनाया जाता है। इसी कड़ी में इस वर्ष भी नवरात्रि प्रतिपदा के दिन से यहाँ लगभग पचास जोड़ी शिव पार्वती के प्रतीक गौरी रानी स्थापित की गयी थी। जिसकी प्रतिष्ठा कर ग्यारह दिनों तक विधि विधान से पूजा अर्चना कर विभिन्न प्रकार के बाजे गाजे के साथ कुँवारी कन्याओं द्वारा गौरी रानी को सिर में धारण कर युवाओं द्वारा अस्त्र शस्त्रों का संचालन करते हुये झांकी निकालकर सागर तालाब में महाआरती के बाद विसर्जन किया गया। इस झांकी में बंदर , भालू एवं नृत्यांगनाओं के रूप में नाट्य कलाकार भी आकर्षण के केन्द्र रहे। पूरे गांव में शाम पांच बजे से रात ग्यारह बजे तक मेला लगा हुआ था। इस महापर्व के संबंध में








जानकारी देते हुये गाँव के निवासी एवं कामधेनु सेना के छत्तीसगढ़ सचिव योगेष तिवारी ने अरविन्द तिवारी को बताया कि ज्गौरी रानीज्ज् महापर्व इस गाँव का बहुत प्रसिद्ध महापर्व है जो पूरे जिले में एक ही जगह होता है , इसलिये बहुत दूर दराज के लोग भी यहाँ ये पर्व देखने आते हैं। यहाँ के जो भी लोग बाहर में सेना या अन्य विभाग में नौकरी करते हैं वे भी इसी समय छुट्टी लेकर आते हैं और गाँव की बेटियाँ भी इसी समय आती हैं। इस गाँव में सैकड़ों वर्ष पहले हमारे पूर्वजों द्वारा अपने बच्चों की शादी विवाह एवं अन्य मनोकामनाओं के साथ गौरी रानी स्थापित की गयी थी। इनकी स्थापना से उनकी मनोकामनायें पूरी हुई , तब से लेकर आज तक यह परंपरा अनवरत जारी है और आगे भी चलती रहेगी। इनकी पूजा आराधना से सुख , शांति एवं समृद्धि मिलती है सभी मनोकामनायें पूरी होती है। गौरी रानी महापर्व के इस भव्य कार्यक्रम में कई अधिकारी , मीडियाकर्मी सहित जांजगीर चाम्पा विधानसभा के विधायक व्यास कश्यप एवं नवागढ़ कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष चंद्रकांत साहू ने पहुंचकर भगवान से आशीर्वाद प्राप्त किया और क्षेत्रवासियों के खुशहाली की कामना की। इस पूरे कार्यक्रम में शांति व्यवस्था बनाये रखने में नवागढ़ थाना प्रभारी निरीक्षक भास्कर शर्मा सहित पूरे स्टाफ का सराहनीय योगदान रहा।

**क्या है गौरी रानी महापर्व**– गौरतलब है कि इस गाँव में तिवारी परिवार की बाहुल्यता है और इसके पूर्वजों ने आज से लगभग डेढ़ सौ साल पहले अपनी मनोकामना को लेकर गौरी रानी स्थापित कर ग्यारह दिन तक उनकी पूजापाठ किये जिससे उनकी मनोकामना पूरी हो गयी। तब से लेकर आज तक प्रत्येक क्वाँर नवरात्रि के शुरू दिन से ही इस गाँव में ज्गौरी रानीज्ज् की स्थापना की जाती है और एकादशी के दिन बड़े हर्षोल्लास के साथ इनको विसर्जित की जाती है। इसकी यह भी मान्यता है कि ज्गौरी रानीज्ज् को किसी भी जाति वर्ग के केवल कुँवारी लड़कियाँ ही अपने सिर पर धारण करती हैं सबसे पहले कलश होता है ,उसके बाद पार्वती, उसके बाद शंकरजी फिर पूजापाठ में उपयोग किया गया फूलपान का टोकरी और बाजे गाजे के साथ पूरे गाँव में घुमाया जाता है। गांव के हर चौराहे पर युवाओं द्वारा शौर्य प्रदर्शन एवं करतब का प्रदर्शन भी किया जाता है और अंत में महाआरती के पश्चात सागर तालाब में गौरी रानी विसर्जित की जाती है।

# शरद पूर्णिमा पर होगा भगवान सत्यनारायण का दुग्ध अभिषेक

**राजनंदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** संस्कारधानी नगरी की सुप्रसिद्ध संस्था श्री सत्यनारायण मंदिर समिति विभिन्न धार्मिक उत्सवो को धूमधाम से मनाते आ रही है । इसी तारतम्य में प्रतिवर्ष शरद पूर्णिमा पर मंदिर में विराजित भगवान श्री सत्यनारायण का दुग्ध अभिषेक किए जाने की परंपरा है वहीं मध्यरात्रि में अमृत युक्त खीर का वितरण भक्तों को किया जाता है । श्री सत्यनारायण मंदिर समिति के अध्यक्ष अशोक लोहिया सचिव सुरेश अग्रवाल उपाध्यक्ष नाथा भाई रायचा , कोषाध्यक्ष हरीश अग्रवाल , सहसचिव रामावतार जोशी द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार समिति द्वारा अनेक वर्षो से श्री सत्यनारायण भगवान के दुग्ध अभिषेक की परंपरा प्रारंभ की गई है । शरद पूर्णिमा 16 अक्तूबर बुधवार को सुबह 09:00 बजे से 10:00 बजे तक एक घंटे तक भगवान श्री सत्यनारायण का दुग्ध अभिषेक कोई भी भक्त अपने घर से दूध लाकर स्वय अपने हाथो से कर सकता है । वर्ष में केवल एक दिन ही यह अवसर आम श्रद्धालुओं को प्राप्त होता है , जब वे मंदिर के गर्भगृह में प्रवेश करके अपने हाथो से दूध अभिषेक कर सकते है । इसके लिए समिति ने श्रद्धालु भक्तो से आग्रह किया है कि समय का ध्यान रखते हुए अभिषेक में शामिल हो । पिछले वर्ष अभिषेक के लिए लंबी कतार लग गई थी , जिससे समय बढ़ाना पड़ा था । श्री सत्यनारायण मंदिर समिति के उत्सव प्रभारी राजेश शर्मा , पवन लोहिया , लक्ष्मण लोहिया एवम श्याम खंडेलवाल ने जानकारी दी है कि शरद पूर्णिमा के दिन चंद्रमा अपनी पूर्ण कला को बिखेरकर अमृत वर्षा करता है। श्वेत वस्तु अमृत की बूंदें शीघ्र अपनी ओर आकर्षित कर लेती है , अत: इस दिन खीर बनाकर छत पर रखने से वह खीर अमृतयुक्त हो जाती है । श्री सत्यनारायण मंदिर समिति पिछले 80 वर्षो से शरद पूर्णिमा पर अमृतयुक्त खीर का वितरण करते आ रही है । इस वर्ष भी 16 अक्तूबर बुधवार को मध्यरात्रि को भगवान की आरती पश्चात अमृतयुक्त खीर का वितरण किया जाएगा । समिति के सौरभ खंडेलवाल , राहुल अग्रवाल एवम ओमप्रकाश शर्मा ने धर्मप्रेमी माता बहनों एवम बंधुओ से आग्रह किया है कि 16 अक्तूबर को सुबह दुग्ध अभिषेक में एवम रात्रि प्रसादी स्वरूप अमृतयुक्त खीर प्राप्त करने मंदिर पहुंचकर धर्मलाभ प्राप्त करें ।



# विभिन्न विकास कार्यों के लिए 21 लाख 70 हजार रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री सुरूचि सिंह ने जिला पंचायत विकास निधि योजना अंतर्गत डोंगरगढ़ एवं छुरिया विकासखंड के ग्रामों में विभिन्न विकास कार्यों के लिए 21 लाख 25 हजार रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की है। इसके अंतर्गत डोंगरगढ़ विकासखंड के ग्राम मोतीपुर में वार्ड क्रमांक 1 साहू पारा में सीसी रोड निर्माण कार्य के लिए 1 लाख 50 हजार रूपए, ग्राम मोतीपुर में वार्ड क्रमांक 1 अजा वार्ड में सीसी रोड निर्माण कार्य के लिए 2 लाख रूपए, ग्राम मोतीपुर में सामुदायिक भवन साहू पारा के पास टिन शेड निर्माण कार्य के लिए 50 हजार रूपए, ग्राम खुडमुड़ी में वार्ड नंबर 13 धरम वर्मा गली में सीसी रोड निर्माण कार्य के लिए 1 लाख रूपए, ग्राम ठेकवा में रामायण मंच के सामने गली क्राकीटीकरण निर्माण कार्य के लिए 1 लाख 25 हजार रूपए, ग्राम सलोनी में वार्ड नंबर 3 से भुनेशर घर से भुलिया तक सीसी रोड निर्माण कार्य के लिए 2 लाख रूपए, ग्राम बिजनापुर में तालाब के पास स्टील रेंलिंग के लिए 2 लाख रूपए, ग्राम कारूटोला में वार्ड क्रमांक 1 में सीसी रोड निर्माण कार्य के लिए 3 लाख रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। इसी तरह छुरिया विकासखंड के ग्राम लाममेटा में गली क्रांकीटीकरण कार्य के लिए 4 लाख रूपए, ग्राम आमगांव कु में पोस्ट ऑफिस गली में सीसी सड़क निर्माण कार्य के लिए 4 लाख रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है।

# राष्ट्रीय उत्सव समिति 29वां रावण दहन उत्सव हजारों की संख्या में हनुमान चालीसा पाठ कर मनाया गया







**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** शहर के स्टेट हाई स्कूल मैदान में इस वर्ष राष्ट्रीय दशहरा उत्सव समिति द्वारा 29वां रावण दहन उत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर विधान सभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कार्यक्रम में विशेष रूप से शिरकत की और विजयदशमी पर्व की बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। साधों बैंड की संगीत प्रस्तुति ने मोहा मन रावण दहन कार्यक्रम के दौरान साधों बैंड ने संगीतमय राम भजनों की प्रस्तुति दी, जिसने दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर दिया। हजारों की संख्या में उपस्थित भक्तों ने इस उत्सव का आनंद उठाया। 51 फीट ऊंचे रावण के पुतले का दहन कार्यक्रम में समिति द्वारा 51 फीट ऊंचे रावण के पुतले का दहन किया गया। रावण दहन के दौरान जापानी तकनीक से निर्मित आकर्षक आतिशबाजी ने भी लोगों का ध्यान खींचा। हनुमान चालीसा का पाठ रावण दहन के बाद उपस्थित भक्तों ने सामूहिक रूप से हनुमान चालीसा का पाठ किया। इस दौरान भक्तगण गायक के साथ झूमते नजर आए। समिति के अध्यक्ष तथागत विजय पांडे और उनकी टीम के साथ पुलिस प्रशासन की सहायता से यह कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

## धर्म समाचार....

# साल में एक बार ही क्यों धारण करते हैं बंसी? श्रद्धालु दर्शन कर होते हैं निहाल





पंचांग के अनुसार आश्विन माह में शरद पूर्णिमा का पर्व 16 अक्टूबर को मनाया जाएगा। शरद पूर्णिमा के दिन का कृष्ण भक्त बेसब्री से इंतजार करते हैं क्योंकि इस दिन बांके बिहारी महारास मुद्रा में दर्शन देते हैं। आइए इस लेख में हम आपको बताएंगे क्या है इसकी मान्यता है और वजह के बारे में। धर्म डेस्क। हर महीने में पूर्णिमा का पर्व मनाया जाता है। इस शुभ तिथि पर गंगा स्नान और दान करने का विधान है। साथ ही जीवन को खुशहाल बनाए रखने के लिए पूजा, जप-तप और दान किया जाता है। वहीं, साधक विशेष कार्य में सफलता प्राप्ति के लिए पूर्णिमा तिथि का विधिपूर्वक व्रत करते हैं। आश्विन माह की पूर्णिमा को शरद पूर्णिमा के नाम से जाना जाता है। इस खास अवसर पर देशभर के मंदिरों में खास उत्साह देखने को मिलता है। वहीं, उत्तर प्रदेश के वृंदावन में स्थित बांके बिहारी मंदिर में अधिक संख्या में श्रद्धालु अपने आराध्य के दर्शन के लिए पहुँचते हैं, क्योंकि शरद पूर्णिमा के दिन बांके बिहारी (क्रड्डठ्ठद्मद्ग क्रद्बद्धड्डह्वद्ध ञ्जद्गद्वश्चद्यद्ग) भक्तों को वर्ष में एक बार ही बंसी धारण कर दर्शन देते हैं। इस दिन मंदिर में अद्भुत नजारा देखने को मिलता है। चलिए जानते हैं इस पर्व से जुड़ी बांके बिहारी के रोचक तथ्यों के बारे में।

**बांके बिहारी इस तरह देते हैं दर्शन**

हर साल शरद पूर्णिमा के शुभ अवसर पर रात में चंद्रमा की धवल चांदनी के प्रकाश में श्रद्धालुओं को बांके बिहारी बंसी बजाते हुए दर्शन देते हैं। इस दौरान प्रभु महारास की मुद्रा में होते हैं। सालभर में शरद पूर्णिमा के दिन ही बांके बिहारी बंसी धारण कर दर्शन देते हैं। इस दौरान मंदिर में खास रौनक देखने को मिलती है। धार्मिक मान्यता है कि शरद पूर्णिमा के दिन चंद्रमा सोलह कलाओं से परिपूर्ण होता है। इसी वजह से भगवान श्रीकृष्ण ने शरद पूर्णिमा की रात्रि को वंशीवट पर गोपियों के संग महारास किया था। ऐसा माना जाता है कि तभी से इस परंपरा की शुरुआत हुई और शरद पूर्णिमा की रात को बांके बिहारी को चंद्रमा की रोशनी में विराजमान किया जाता है। साथ ही उन्हें खीर समेत आदि चीजों का भोग अर्पित किया जाता है।

**होता है विशेष श्रृंगार**

इस दिन ठाकुर जी कटि-काछनी, मोर मुकुट और सोलह श्रृंगार में अपने भक्तों को दर्शन देते हैं। शरद पूर्णिमा के दिन बांके बिहारी मंदिर सुबह 07 बजकर 30 मिनट पर खुलेगा और दोपहर में मंदिर 01 बजे बंद होगा। वहीं, शाम को 05 बजकर 30 मिनट से लेकर 10 जकर 30 मिनट तक भक्त बांके बिहारी के दर्शन कर सकते हैं।

## 16 या 17 अक्टूबर, कब है शरद पूर्णिमा? जानें सही डेट और शुभ मुहूर्त



हर साल आश्विन माह के शुक्ल पक्ष की चतुर्दशी तिथि के अगले दिन शरद पूर्णिमा का पर्व मनाया जाता है। इस दिन विशेष कार्य में सिद्धि प्राप्ति के लिए साधक भगवान विष्णु के निमित्त व्रत रखते हैं। साथ ही अमोघ फल की प्राप्ति के लिए भगवान विष्णु और मां लक्ष्मी की पूजा-अर्चना करते हैं। मान्यता है कि इन कार्यों को करने से जातक और उसके परिवार को विष्णु जी की कृपा प्राप्त होती है। ऐसे में आइए जानते हैं इस पर्व से जुड़ी महत्वपूर्ण बातों के बारे में। पंचांग के अनुसार, आश्विन माह के पूर्णिमा तिथि की शुरुआत 16 अक्टूबर को रात्रि 08 बजकर 40 मिनट पर होगी। वहीं, इस तिथि का समापन अगले दिन यानी 17 अक्टूबर को शाम को 04 बजकर 55 मिनट पर होगा। ऐसे में शरद पूर्णिमा का पर्व 16 अक्टूबर को मनाया जाएगा। इस दिन चंद्रोदय शाम को 05 बजकर 05 मिनट पर होगा।

**शरद पूर्णिमा का धार्मिक महत्व**– सनातन धर्म में शरद पूर्णिमा के पर्व को महत्वपूर्ण माना जाता है। इस पर्व को कोजागरी पूर्णिमा, कौमुदी व्रत के नाम से भी जाना जाता है। धार्मिक मान्यता है कि इस दिन धन की देवी मां लक्ष्मी समुद्र मंथन के दौरान अवतरित हुई थीं। इसी वजह से शरद पूर्णिमा के शुभ अवसर पर विधिपूर्वक मां लक्ष्मी और जगत के पालनहार भगवान विष्णु की पूजा-अर्चना और व्रत करने का विधान है। इससे जातक को सुख-समृद्धि, धन वैभव की प्राप्ति होती है।

**मां लक्ष्मी के मंत्र**

1. या रक्ताम्बुजवासिनी विलासिनी चण्डांशु तेजस्विनी।या रक्ता रुधिराम्बरा हरिसखी या श्री मनोल्हादिनी॥ या रत्नाकरमन्थनात्प्रगटिता विष्णोस्वया गेहिनी। सा मां पातु मनोरमा भगवती लक्ष्मीश्च पद्मावती ॥ 2. ? श्रीं ह्रीं क्लीं त्रिभुवन महालक्ष्म्यै अस्मांक दारिद्र्य नाशय प्रचुर धन देहि देहि क्लीं ह्रीं श्रीं ? । 3. ? श्री महालक्ष्म्यै च विद्महे विष्णु पत्न्यै च धीमहि तन्नो लक्ष्मी प्रचोदयात् ? ।।

4. ? सर्वाबाधा विनिर्मुक्तो, धन धान्य: सुतान्वित:।




# भाजपा का सदस्यता अभियान एक पखवाड़े और बढ़ा

## सदस्यता व सक्रिय सदस्यता अभियान एक साथ चलेगा: संजय श्रीवास्तव




**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** जिला भारतीय जनता पार्टी की सक्रिय सदस्यता अभियान को लेकर प्रमुख नेताओं की एक बैठक आज दिनांक 14 अक्टूबर को पार्टी कार्यालय में संपन्न हुई, जिसमें प्रदेश भाजपा के महामंत्री संजय श्रीवास्तव ने सदस्यता अभियान एक पखवाड़े तक और बढ़ाने की घोषणा करते हुये कहा कि पार्टी द्वारा दिये गये लक्ष्य में कुछ कमी रह गई है जिसे पूरा करने के लिये कार्यकर्ताओं को 31 अक्टूबर तक का समय और दिया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि पार्टी का सदस्यता अभियान 15 अक्टूबर तक निर्धारित था, जिसे अब बढ़ा दिया है। भाजपा मीडिया सेल द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार संजय श्रीवास्तव ने आगे कहा कि पार्टी कार्यकर्ता अब कमजोर बूथ व कमजोर शक्ति केन्द्रों पर दृष्टि जमाये ऐसे बूथों व शक्ति केन्द्रों का चयन करे और बढ़े हुये समय का लाभ उठाते हुये ऐसे केन्द्रों में जमीनी मेहनत कर उन्हे सशक्त बनायें। उन्होंने मंडल स्तर पर सदस्यता अभियान के प्रगति की समीक्षा की तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दियें। बैठक के प्रारंभ में जिला भाजपा अध्यक्ष रमेश पटेल ने स्वागत भाषण दिया व सदस्यता अभियान व सक्रिय सदस्यता के लिये कार्यकर्ताओं को जूट जाने का आह्वान किया। बैठक का संचालन जिला भाजपा महामंत्री राजेन्द्र गोलछा व आभार प्रदर्शन दिनेश गांधी ने किया। इस दौरान प्रमुख रूप से वरिष्ठ भाजपा नेता खूबचंद पारख, मधुसूदन यादव, संतोष अग्रवाल, गीता घासी साहू, सचिन सिंह बघेल, एम.डी.ठाकुर, प्रदीप गॉधी, दिनेश गॉधी, चन्द्रिका डड़सेना, राजेश श्यामकर, आलोक बिंदल, रवि सिन्हा, आभा तिवारी, विनोद खाण्डेकर, सावन वर्मा, आलोक श्रोती, रविन्द्र वैष्णव, कोमल सिंह राजपूत, लीलाधर साहू, कैलाश शर्मा, किशुन यदु, गिन्नी चावला, रघुवीर वाधवा, अतुल रायजादा, शिव वर्मा, किरण साहू, रोहित चन्द्राकर, जागेश्वर साहू, अमित जैन, रामकुमार गुप्ता, बोधीराम साहू, बोधन साहू, मोनू बहादुर सिंह, जैनकुमार मेश्राम, बलवंत साहू, रविन्द्र रामटेके, जयंत मेश्राम, हकीम खान, राजेश अग्रवाल, हर्ष रामटेके, गोलु गुप्ता, दादू सोनकर, संतोष गुप्ता, महेन्द्र पटेल, अशोकादित्य श्रीवास्तव, मनोज साहू, कृष्णा तिवारी, इरफान शेख, गुलाब वर्मा, राकेश ठाकुर, मनोज सिन्हा सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता व नेता उपस्थित थे।

# लायंस गरबा उत्सव में देर रात तक झूमे गरबा प्रेमी बिखरी इंद्रधनुषी छटा


## गरबा उत्सव में गुजराती थीम? का जमकर बिखरा जलवा




**राजनांदगांव।** शारदेय नवरात्रि पर गायत्री विद्यापीठ मैदान में नौ –दिनों तक बिखरी रही लायंस गरबा उत्सव की इंद्रधनुषी छटा,,, हर दिन कमाल का रहा।समापन के दिन तो मानो पूरा शहर गरबा खेलने उमड़ पड़ा और आगत अतिथियों की गरिमामयी उपस्थिति में देर रात तक जमकर गरबा उत्सव– का रंग बिखरा रहा जिसका लोगों ने जमकर आनंद लिया। गरबा उत्सव समापन के दिन शनिवार को शहर के वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों, समाजसेवियों व उद्योगपति सहित अन्य गणमान्य जनो की बढ़ चढ़कर उपस्थिति रही। इस दौरान आगत अतिथियों द्वारा गरबा नृत्य के श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों पर सम्मान व पुरस्कारों की बौछार की गई। गरबा उत्सव कार्यक्रम में अपर कलेक्टर सीएल मार्कंडेय व श्रीमती अंबा मार्कंडेय,चेंबर आफ कामर्स के प्रदेश संरक्षक अनिल बरडिया, समाजसेवी त्रिलोचन सिंह बग्गा,सीआईएस प्रेसीडेंट राजेश डागा, विहिप के विभाग मंत्री अरुण गुप्ता,अनूप श्रीवास, फायर सिक्योरिटी सर्विस के हेड आर, एस सूर्यवंशी व ,लक्ष्मण केडिया,संदीप शुक्ला,सहित बड़ी संख्या में गणमान्य जनो की उपस्थिति बनी रही। गरबा उत्सव प्रारंभ होने से पहले आगत अतिथियों के द्वारा,गरबा संयोजक बृजकिशोर सुरजन गरबा चेयरमैन राजा माखीजा लायंस क्लब अध्यक्ष तरणदीप अरोरा ,गरबा कोषाध्यक्ष संतोष लोहिया, गरबा को चेयरमेन ला0 श्रीमती शारदा तिवारी, राजकुमार शर्मा )अधिवक्ता) पूजा प्रभारी सुरेश शर्मा उमेद कोठारी,अशोपवार ,प्रकाश सांखला ,कमल किशोर साहू डॉ गिरीश श्रीवास्तव के अलावा्र रानू जैन ,विजय कोटडिया मनोज गुप्ता अग्रहरि,सुदामा मोटलानी, राजेश नागवानी आदि की उपस्थिति में वैदिक मन्त्रोंच्चार के बीच मातारानी की पूजा अर्चना की गई। इसके बाद गुजराती थीम का जो जलवा बिखरा उससे लायंस क्लब का गरबा उत्सव मैदान गरबा नृत्य के इंद्रधनुषी रंग में रंग गया। समापन की रात करीब ढाई– तीन बजे तक चले गरबा उत्सव आयोजन में गरबा नृत्य करने के लिए हजारों की भीड़ उमड़ी रही। इस गरिमामय शानदार गरबा आयोजन का रसमय संचालन सुरभि एवं नेहा गुप्ता द्वारा किया गया। माता रानी के इस दुर्गा उत्सव कार्यक्रम में सभी लोगों की बढ़–चढ़ कर हिस्सेदारी हुई तथा प्रशासन का भी भरपूर सहयोग प्राप्त हुआ। इसके लिए क्लब के पदाधिकारियों ने सभी को धन्यवाद ज्ञापित किया है।

**पुरस्कारों की बौछार**– बता दें कि लायंस गरबा उत्सव के अंतिम दिन बड़ी संख्या लोगों की भीड़ उमड़ी,, वहीं प्रतिभागियों ने भी बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। इनके श्रेष्ठ प्रदर्शन पर सर्वश्रेष्ठ गरबा के लिए मयंक शर्मा व काव्यांशी गुप्ता, एनर्जेटिक परफॉर्मेंस के लिए प्रेश्ना देशमुख,बेस्ट ड्रेस के लिए इशान अग्रवाल व प्रिया ध्रुवे ,सालों परफॉर्मेंस के लिए मिस सौंदर्या वहीं बेस्ट किड में अर्नव शर्मा,परिधि शर्मा, सोनल गुरु,व अंश तलवार तथा बेहतरीन परफॉर्मेंस के लिए खुश्बू देवांगन,व लवली परफॉर्मेंस के लिए रानू गुप्ता , इसी तरह जानदार परफॉर्मेंस के लिए लोकेश? कुमार बेस्ट कपल?के लिए हिमांशी धकेलता व रजनीश सोनवानी अव्व्ल रहे। स्पेशल प्राइज पूर्णिमा शर्मा को दिया गया। अपने सम्मान व पुरस्कार से गदगद प्रतिभागियों ने लायंस इंटरनेशनल गरबा उत्सव के पदाधिकारियों एवं सदस्यों का धन्यवाद किया है।






प्रकाशक, सम्पादक व मुद्रक अशोक कुमार पाण्डे द्वारा आसमा पब्लिसर्श इंडिया (प्रा.) लिमिटेड रायपुर से मुद्रित व गंजचौक राजनांदगांव से प्रकाशित, सम्पादक- अशोक कुमार पाण्डे, मोः 94252-43311 Email: nandgaontimes@gmail.com